कार्यालय– रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया, राजनांदगांव

छुरिया महाविद्यालय में हिन्दी दिवस का आयोजन

आज दिनांक 14.09.2021 को शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में हिन्दी विभाग के तत्वाधान में हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) के आतिथ्य में माँ वागेश्वरी के तैलचित्र पर पूजन अर्चन के साथ प्रारंभ हुआ। विद्यार्थियों के द्वारा अतिथियों का स्वागत अभिनंदन बैच एवं गुलाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी है, जिससे हम सभी को गर्व होना चाहिए। लेकिन कई लोग हिन्दी बोलने में कतराते है, जो हम सब लोगों के लिए सोचनीय है। हमें अपनी भाषा पर गौरवान्वित महसुस करते हुए बेझिझक बोलना चाहिए। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. एच.एस. भाटिया ने कहा कि हमारे देश में हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं को बोलने वाले है, परन्तु लोग अंग्रेजी को ज्यादा मानक स्तर समझने लगे है। उद्बोधन की कड़ी में एन.सी.सी. प्रभारी डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि हमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी है तथा आज वर्तमान समय में हिन्दी का प्रचार–प्रसार बढ़ रहा है। जो भारत देश के लिए अच्छी बात है। भारत विविधताओं का देश होते हुए भी हिन्दी भाषा के बढ़ते प्रभाव में हम सब की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी के विभागाध्यक्ष श्री ए. के. गौर एवं आभार व्यक्त श्री सी. आर. यादव के द्वारा किया उन्होनें अपने वक्तव्य में कहा कि हिन्दी का राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक एकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान है। गौर ने हिन्दी भाषा के प्रचार–प्रसार में प्रत्येक भारतीय की भागीदारी की अपील की। इस कार्यक्रम में एम.ए. हिन्दी के विद्यार्थी सहित एन.सी.सी. कैडेट, एन.एस.एस एवं अन्य संकाय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

डॉ. सुषमा चौरे (नेताम)

प्राचार्य